# सी.एस.आई.आर. की टीम बनी विजेता

## नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट संपन्न

पालमपुर, 24 अक्तूबर(ब्यूरो): वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में सी.एस.आई.आर.-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर द्वारा आयोजित नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट का फाइनल मैच धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में वीरवार को संघ लोक सेवा आयोग तथा वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के बीच खेला गया। मैच का टॉस सी.एस.आई.आर. की प्रथम महिला डा. शर्मीला माण्डे, आई.एच.बी.टी. के निदेशक डा. संजय कुमार की उपस्थिति में हुआ। यू.पी.एस.सी. की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया तथा 30 ओवर में 6 विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें टीम के सलामी बल्लेबाज अजय ने 71 बॉल में 100 रनों का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए सी.एस.आई.आर. की टीम ने 28वें ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर इस मैच को 6 विकेट से जीत लिया। गौरव रघुवंशी को मैन ऑफद मैच रहे। यू.पी.एस.सी. के अजय कुमार मैन ऑफ सीरीज रहे।

अपने संबोधन में डा. शर्मीला माण्डे ने टूर्नामैंट के आयोजक सी.एस.आई.आर. -आई.एच.बी.टी. का इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामैंट के फाइनल मैच के लिए धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए दोनों टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और दोनों टीमें बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जिन्हें यह सौभाग्य मिला।

डा. शर्मीला माण्डे, डा. संजय कुमार, रिचा कुमार ने टूर्नामैंट के समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार बांटे। उल्लेखनीय है कि नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, सी.एस.आई.आर. का प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजन है तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सी.एस.आई.आर. की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है तथा इस बार इस टूर्नामैंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सी.एस.आई.आर.-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस टूर्नामैंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आई.एच.बी.टी. सहित 6 टीमों ने भाग लिया।



पालमपुरः नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट की विजेता टीम। (ब्यूरो)

# नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट संपन्न, सीएसआईआर टीम विजेता




खुशी मनाती विजेता टीम।

पालमपुर 24 अक्तूबर (जसवंत कठियाल): वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, के तत्वाधान में सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर द्वारा आयोजित नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट काफाइनल मैच धर्मशाला के अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 24 अक्तूबर 2019 को संघ लोक सेवा आयोग (युपीएससी) तथा वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के बीच खेला गया। मैच का टॉस सीएसआईआर की प्रथम महिला डा. शर्मिला माण्डे, सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डा. संजय कुमार की उपस्थिति में हुआ। युपीएससी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेवाजी का निर्णय लिया तथा 30 ओवर में 6 विकेट पर 209 का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें टीम के सलामी बल्लेबाज अजय ने 71 बालों में 100 रनों का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसआईआर की टीम ने 28वें ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर इस मैच को 6 विकेट से जीत लिया। गौरव रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच रहे। युपीएससी के अजय कुमार मैन ऑफ सीरिज रहे। अपने संबोधन में डा. शमीर्ला माण्डे ने टूर्नामेंट के आयोजक सीएसआईआर-आईएचबीटी का इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामैंट के फाइनल मैच के लिए धर्मशाला के अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम मे आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए दोनों टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे बताया कि धर्मशाला के अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और दोनों टीमें बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जिन्हे यह सौभाग्य मिला। डा. शमीर्ला माण्डे, डा. संजय कुमार श्रीमती रिचा कुमार ने टूर्नामैंट के समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार बांटे।

उल्लेखनीय है कि नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर का प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजनहै तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है तथा इस बार इस टूर्नामैंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस टूर्नामैंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इलैक्ट्रनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आईएचबीटी सहित 6 टीमें भाग लिया। इस टूर्नामैंट के लीग व सैमीफाइनल मैच नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में 21 से 23 अक्तूबर 2019 तक खेले गए।

## पारस स्कूल के छात्रों ने जीती 5 ट्रॉफियां, 3 पदक




सम्मानित किए गए विद्यार्थी।

पालमपुर (जसवंत कठियाल): पारस पब्लिक स्कूल भवारना के खिलाड़ी छात्रों ने हाल ही में पाइन ग्रोव इंटरनैशनल स्कूल धीरा में संपन्न हुई इंटर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें पारस स्कूल भवारना के छात्र पांच ट्राफियॉ व तीन पदक पर अपना कब्जा जमाने मे सफल रहे। वालीबाल में अमन, अंश, नितिन, हर्ष, अनमोल, हिमांशु, अनुज ने शिवालिक स्कूल के छात्रों को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। बैडमिंटन में दसवीं कक्षा के अनमोल शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ मे वाहरवीं कक्षा केवासुदेव प्रथम स्थान पर रहे 50 मीटर दौड़ में दसवीं कक्षा के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता मे पारस स्कूल के छात्र पांच ट्राफियॉ व तीनपदक पर अपना कब्जा जमाने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कोच अरुण को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस शानदार सफलता के लिए विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्य नीलम राणा ने विजेता बच्चों को बधाई दी व खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सीएसआईआर ने जीती नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी



पालमपुर (कांगड़ा)। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में सीएसआईआर पालमपुर में आयोजित नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता सीएसआईआर ने अपने नाम कर ली। फाइनल मैच धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के बीच खेला गया। यूपीएससी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट पर 209 रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज अजय ने 71 गेंदों में शतक लगाया। सीएसआईआर की टीम ने 28वें ओवर में छह विकेट गंवाकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया। गौरव रघुवंशी मैन ऑफ द मैच, यूपीएससी के अजय कुमार मैन ऑफ सीरीज रहे। डॉ. शर्मिला मांडे, डॉ. संजय कुमार और रिचा कुमार ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। लीग और सेमीफाइनल मैच नादौन में 21 से 23 अक्तूबर तक खेले गए थे। ब्यूरो

# सीएसआइआर की टीम ने जीती क्रिकेट स्पर्धा



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता सीएसआइआर की विजेता टीम ● जागरण

**पालमपुर** : नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट पर सीएसआइआर की टीम ने कब्जा किया। फाइनल में यूपीएससी की टीम को शिकस्त दी। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) के स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर ने टूर्नामेंट करवाया। फाइनल मैच वीरवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला गया। यूपीएससी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में छह विकेट पर 209 रन बनाए। इसमें सलामी बल्लेबाज अजय ने 71 गेंद में 100 रन का योगदान दिया। सीएसआइआर की टीम ने 28वें ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर छह विकेट से जीत दर्ज की। गौरव रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच व यूपीएससी के अजय कुमार मैन ऑफ सीरीज रहे। सीएसआइआर की प्रथम महिला डॉ. शर्मिला मांडे, आइएचबीटी के निदेशक डॉ. संजय कुमार व रिचा कुमार ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। जासं

# नायडू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल आज

**कार्यालय संवाददाता–नादौन**

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड के तत्त्वावधान में सीएसआईआर हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर द्वारा नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे नायडू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली भारत सरकार तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की टीम ने वेटिंग का निर्णय लिया तथा बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर के खेल में चार विकेट पर 116 रन बनाए। इसके जवाब में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में चार विकेट गंवाकर 103 रन ही बनाए तथा इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की टीम ने इस मैच को 13 रन से जीत लिया। दूसरे मैच में संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी भारत सरकार नई दिल्ली तथा मेजबान टीम सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर के बीच खेला गया जिसमें यूपीएससी की टीम ने मैच को 38 रनों से जीत लिया। तीसरा मैच इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा सीएसआईआरए नई दिल्ली के मध्य खेला गया।

इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की टीम ने 15 ओवर में छह विकेट पर 69 ही रन बनाए तथा सीएसआईआर की टीम ने इस मैच को 44 रन जीत लिया। कल सेमिफाइनल में इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का मुकाबला संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से होगा दूसरा सेमीफाइनल सीएसआईआर एवं डीएसटी के बीच खेला जाएगा।

# डीएसटी की टीम ने आठ विकेट से जीता मैच



नादौन में विजेता डीएसटी टीम के सदस्य खुशी मनाते हुए। • जागरण

**संवाद सहयोगी, नादौन** : अटल बिहारी क्रिकेट स्टेडियम नादौन में नायडुम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। पहला लीग मैच सीएसआइआर-आइएचबीटी पालमपुर व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी नई दिल्ली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डीएसटी की टीम ने क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। मेजबान टीम सीएसआइआर-आइएचबीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाए। डीएसटी की टीम ने 10 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा लीग मैच सीएसआइआर नई दिल्ली व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के बीच खेला गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की टीम ने 15 ओवर में नौ विकेट खोकर 45 रन बनाए। सीएसआइआर नई दिल्ली की टीम ने आठ विकेट से मैच जीच लिया। तीसरा मैच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी नई दिल्ली व संघ लोकसेवा आयोग के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएसटी की टीम ने 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 108 रन बनाए। संघ लोकसेवा आयोग की टीम ने मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 24 अक्टूबर को खेला जाएगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के मैचों का शुभारंभ

नादौन। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, के तत्वाधान में सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर द्वारा नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में नायुड मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट मैचों का शुभारंभ बड़े हर्षोलास के साथ हुआ। पहला लीग मैच सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, डीएसटी, नई दिल्ली, भारत सरकार के मध्य खेला गया। इस मैच में मेजबान टीम सीएसआईआर-आईएचबीटी ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर के खेल में 5 विकेट 79 बनाए। इसके जबाव में डीएसटी की टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट गवाकर 80 रन बनाए तथा इस मैच को 8 विकेट से जीत लिया। दूसरा लीग मैच सीएसआईआर, नई दिल्ली तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के मध्य खेला गया।

सीएसआईआर-हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : संजय



**पालमपुर, (आपका फैसला)।** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, के तत्वावधान में सीएसआईआर-हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। संस्थान के निदेशक डा. संजय कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि खेलों के माध्यम से समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे न केवल हमारा शारीरिक विकास होता अपितु मानसिक विकास भी होता है तथा टीम भावना की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस समारोह में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर इस टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया तथा सीएसआईआर तथा अन्य विभागों से आए प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सचिव डा. आरके सिन्हा ने प्रो. नायुडम्मा के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। उन्होंने आगे बताया कि नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर का प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजन है तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है तथा इस बार 21 से 24 अक्तूबर के दौरान इस टूर्नामेंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अमित चावला ने आए हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आईएचबीटी सहित 6 टीमें भाग ले रहीं हैं। लीग मैच जो कि 21 से 23 अक्तूबर को नादौन के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे, के लिए प्रतिभागी टीमें नादौन के लिए रवाना हो गई हैं। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच धर्मशाला के अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में 24 अक्तूबर 2019 को खेला जाएगा। इससे पूर्व मांउट कारमल स्कूल के बच्चों द्वारा बजाई गई धुन पर प्रतिभागी टीमों के मार्चपास्ट द्वारा समारोह में चार-चांद लग गए। इस समारोह में स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सदस्य डा. शोभना चैधरी, डा. सी. के जगताप, श्री एस. बालाजी, श्री रमेश बौरा आदि भी उपस्थित थे।

# क्रिकेट स्पर्धा में छह टीमें दिखाएंगी प्रतिभा

जागरण संवाददाता, पालमपुर : वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद व स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) के हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। इसमें संस्थान निदेशक डॉ. संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रतिभागी टीमों को नादौन के लिए रवाना किया।



पालमपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि ● जागरण

स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सचिव डॉ. आरके सिन्हा ने नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड का महत्वपूर्ण आयोजन है। 21 से 24 अक्तूबर तक टूर्नामेंट पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआइआर हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में खेला जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अमित चावला ने बताया कि टूर्नामेंट में सीएसआइआर, केंद्र सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग व आइएचबीटी सहित छह टीमें भाग ले रहीं हैं। लीग मैच जोकि 21 से 23 अक्टूबर तक नादौन के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। फाइनल मैच धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 24 अक्तूबर को खेला जाएगा। कार्यक्रम में मांउट कॉर्मल स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

# सीएसआईआर-आईएचबीटी में नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट का शुभारंभ

पालमपुर, 20 अक्तूबर (जसवंत कठियाल): वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, के तत्वाधान में सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में रविवार को नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट शुभारंभ बडे. हर्षोल्लास के साथ हुआ। संस्थान के निदेशक डा. संजय कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि खेलों के माध्यम से समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे न केवल हमारा शारीरिक विकास होता अपितु मानसिक विकास भी होता है तथा टीम भावना की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस समारोह में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर इस टूनामेंट का विधिवत उद्घाटन किया तथा सीएसआईआर तथा अन्य विभागों से आए प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सचिव डा. आर. के सिन्हा ने प्रो. नायुडम्मा के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। उन्होंने आगे बताया कि नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर का प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजन है तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है तथा इस बार 21 से 24 अक्तूबर के दौरान इस टूनामेंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अमित चावला ने आए हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस टूनामेंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इलैक्ट्रनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आईएचबीटी सहित 6 टीमें भाग ले रही हैं। लीग मैच जो कि 21 से 23 अक्तूबर को नदौन के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएगें, के लिए प्रतिभागी टीमें नदौन के लिए रवाना हो गई हैं। इस टूनामेंट का फाइनल मैच धर्मशाला के अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 24 अक्तूबर को खेला जाएगा। इससे पूर्व मांउट कारमल स्कूल के बच्चों द्वारा बजाई गई धुन पर प्रतिभागी टीमों के मार्चपास्ट द्वारा समारोह में चार-चांद लग गए। इस समारोह में स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सदस्य डा. शोभना चैधरी, डा. सी. के जगताप, एस. बालाजी, रमेश बौरा आदि भी उपस्थित थे।

दिव्य हिमाचल epaper.divyahimachal.com

# मैदान में चौके-छक्के लगाएंगे वैज्ञानिक

## सीएसआईआर-आईएचबीटी नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, नादौन में होगा पहला चरण

**जयदीप रिहान-पालमपुर**

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड के तत्त्वावधान में सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक डा. संजय कुमार ने कहा कि खेलों के माध्यम से समाज को एकजुट रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा टीम भावना की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस समारोह में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर इस टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया । सीएसआईआर तथा अन्य विभागों से आए प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सचिव डा. आरके सिन्हा ने प्रो. नायुडम्मा के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया।



उन्होंने आगे बताया कि नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड, सीएसआईआर का प्रतिष्ठित और महत्त्वपूर्ण आयोजन है तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है ।इस बार 21 से 24 अक्तूबर के दौरान इस टूर्नामेंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अमित चावला ने बताया कि इस टूर्नामेंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आईएचबीटी सहित छह टीमें भाग ले रहीं हैं। लीग मैच 21 से 23 अक्तूबर तक नादौन के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे, जिसके लिए प्रतिभागी टीमें रवाना हो गई हैं। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 24 अक्तूबर को खेला जाएगा।

इस अवसर पर माउंट कार्मल स्कूल के बच्चों द्वारा बजाई गई धुन पर प्रतिभागी टीमों ने मार्चपास्ट किया। इस समारोह में स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड, सीएसआईआर के सदस्य डा. शोभना चौधरी, डा. सीके जगताप, एस बालाजी व रमेश बौरा आदि भी उपस्थित थे।

# आई.एच.बी.टी. में नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट आरंभ

पालमपुर, 20 अक्तूबर (ब्यूरो): वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में सी.एस.आई.आर.-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक डा. संजय कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि खेलों के माध्यम से समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे न केवल हमारा शारीरिक विकास होता अपितु मानसिक विकास भी होता है तथा टीम भावना की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस समारोह में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर इस टूर्नामैंट का विधिवत उद्घाटन किया तथा सी.एस.आई.आर. तथा अन्य विभागों से आए प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सी.एस.आई.आर. के सचिव डा. आर.के. सिन्हा ने प्रो. नायुडम्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। उन्होंने आगे बताया कि नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सी.एस.आई.आर. का प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजन है तथा इसे एक निश्चित अंतराल के बाद सी.एस.आई.आर. की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता रहा है तथा इस बार 21 से 24 अक्तूबर के दौरान इस टूर्नामैंट को परिषद की पालमपुर स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला सी.एस.आई.आर.-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अमित चावला ने आए हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस टूर्नामैंट में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर.) भारत सरकार के अतिरिक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डी.एस.टी.) पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग एवं आई.एच.बी.टी. सहित 6 टीमें भाग ले रही हैं। लीग मैच जोकि 21 से 23 अक्तूबर को नादौन के एच.पी.सी.ए. क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे के लिए प्रतिभागी टीमें नादौन के लिए रवाना हो गई हैं। इस टूर्नामैंट का फाइनल मैच धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 24 अक्तूबर को खेला जाएगा। इससे पूर्व माऊंट कार्मल स्कूल के बच्चों द्वारा बजाई गई धुन पर प्रतिभागी टीमों के मार्चपास्ट द्वारा समारोह में चार-चांद लग गए। इस समारोह में स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, सी.एस.आई.आर. के सदस्य डा. शोभना चौधरी, डा. सी.के. जगताप, एस. बालाजी व रमेश बौरा आदि उपस्थित थे।



पालमपुर : नायुडम्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामैंट के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ी व अन्य। (ब्यूरो)

पंजाब केसरी ई-पेपर Mon, 21 October 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/44903884